बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र सं०-जन संपर्क- 06/2016- /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक, **हिन्दुस्तान,** हिन्दी दैनिक, पटना ।

विज्ञापन व्यवस्थापक, **दैनिक जागरण,** हिन्दी दैनिक, पटना ।

पटना, दिनांक- जनवरी, 2016 ई० ।

विषय:- बिहार विधान सभा सचिवालय से संबंधित निविदा आमंत्रण सूचना का विज्ञापन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार सूचित करना है कि इसे आप अपने समाचार पत्र के पटना संस्करण मात्र में दिनांक-17.01.2016 के अंक में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

(1) इस विज्ञापन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से भुगतान होगा,

(2) विज्ञापन **06** से०मी० X **08** से०मी० आकार में होना चाहिए,

(3) विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर विज्ञापन अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से भेज दें,

(4) विज्ञापन प्रकाशन के तत्काल बाद विज्ञापन अंक की प्रति सभा सचिवालय को भेज दें,

(5) अपने समाचार पत्र के लिए निर्धारित डी०ए०वी०पी० दर से संबंधित पत्र की प्रति विपत्र में अवश्य संलग्न की जाय ;

विश्वासभाजन,

ह/०-

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बि[illegible]न सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क- 06/2016 41 /वि०स०, पटना, दिनांक- 15 जनवरी, 2016 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार विधान सभा की वेबसाइट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

15

15.01.16

(सुनील कुमार)

अवर सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

15/1/16

बिहार विधान सभा सचिवालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय एवं माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय, 2, देशरत्न मार्ग, पटना में अधिष्ठापित विद्युत उपकरणों (यथा-विण्डो ए.सी., स्टेबलाइजर के साथ-49 अदद, स्पीलीट ए.सी. स्टेबलाइजर के साथ-22 अदद, गीजर-11 अदद, रेफ्रीजेरेटर स्टेबलाइजर के साथ-04 अदद, एयर कूलर-14 अदद, वाटर कूलर स्टेबलाइजर के साथ-01 अदद) का वार्षिक संपोषण के लिए ख्याति प्राप्त एवं पर्याप्त अनुभव रखने वाले आपूर्तिकर्त्ताओं, प्रतिष्ठानों एवं संवेदकों से मुहर बंद निविदायें यथानिर्धारित शर्तों के अधीन विज्ञापन प्रकाशन के 10 (दस) दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है ।

निर्धारित शर्तें:-

1. निविदादाता अपनी निविदा उक्त विद्युत उपकरणों का भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही समर्पित करेंगे ।
2. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर एवं बिक्रीकर चुकता प्रमाण पत्र संलग्न एवं निविदा के कभर पर फर्म/संस्थान का नाम, पता एवं दूरभाष/मोबाईल संख्या अंकित होना चाहिए ।
3. विद्युत उपकरणों के मरम्मत के क्रम में पार्ट्स पर होने वाले व्यय का भुगतान अलग से देय नहीं होगा ।
4. संधारणकर्त्ता को विद्युत उपकरणों के खराब होने की सूचना प्राप्त होते ही तुरंत संबंधित स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी ।
5. निविदा के संबंध में कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में बिहार विधान सभा सचिवालय के अवधायक शाखा से प्राप्त की जा सकती है ।
6. किसी एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताए संशोधन, रद्द अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार बिहार विधान सभा सचिवालय के पास सुरक्षित रहेगा ।
7. वार्षिक रख-रखाव की गणना कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी ।

असीम कुमार
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।